संशोधित

9 अगस्त, 2021

कार्यकारी आदेश 2021-18

**<u>कार्यकारी आदेश 2021-18</u>**
**<u>(COVID-19 कार्यकारी आदेश सं. 85)</u>**

**जबकि**, मार्च 2020 की शुरुआत से ही, इलिनॉय ने एक ऐसी वैश्विक-महामारी का सामना किया है जो असाधारण रूप से बीमारी एवं जनहानि का कारण बनी है, जो 1,430,000, से भी अधिक लोगों को संक्रमित कर चुकी है और इसने 23,475 से अधिक निवासियों की जान ले ली है; और,

**जबकि,** कोरोनावायरस रोग 2019 (COVID-19) एक नवीन गंभीर तीक्ष्ण श्वसन रोग है जो श्वसन संचारों के माध्यम से फैलता है; और,

**जबकि,** जैसे कि इलिनॉय ने COVID-19 के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा का जवाब देना जारी रखा है, पूरे राज्य में निवासियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, पहले उत्तरदाताओं और सरकारों पर बोझ अभूतपूर्व रहा है; और,

**जबकि**, कोरोनावायरस का डेल्टा संस्करण, पहले के परिसंचारी उपभेदों की तुलना में अधिक आक्रामक और अधिक संक्रामक है, और वायरस के प्रसार को रोकने और धीमा करने के लिए चल रहे प्रयास में नए जोखिम पैदा करता है; और,

**जबकि**, डेल्टा संस्करण वायरस के पिछले उपभेदों की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी पैदा कर सकता है; और,

**जबकि**, रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC) का अनुमान है कि डेल्टा संस्करण के कारण अब अमेरिका में सभी अनुक्रमित कोरोनावायरस का परिमाण 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है; और,

**जबकि**, इलिनॉय के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है; और,

**जबकि**, राज्य को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाना चाहिए कि बच्चे व्यक्तिगत रूप से स्कूल जा सकें; और,

**जबकि,** सामाजिक दूरी, फ़ेस कवर, और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सावधानियां COVID-19 के प्रसार को धीमा करने एवं रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुए हैं; और,

**जबकि,** COVID-19 के टीके COVID-19 रोग, विशेष रूप से गंभीर बीमारी और मृत्यु को रोकने में प्रभावी हैं, लेकिन आबादी का एक हिस्सा बिना टीकाकरण के है और कुछ निवासियों ने, जिनमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं, अभी तक वैक्सीन प्राप्त नहीं कर सके हैं; और

**जबकि**, CDC ने K-12 स्कूलों में COVID-19 की रोकथाम के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया है; और,

**जबकि**, CDC ने हाल ही में स्कूलों के लिए अपने COVID-19 सम्बन्धी मार्गदर्शन को अपडेट किया है, और इसके अनुसार अब K-12 स्कूलों में सबको स्कूल के अन्दर मास्क पहनकर रहना चाहिए, जिसमें शिक्षक, कर्मचारी, छात्र और आगंतुक भी शामिल हैं, चाहे उन्होंने टीके लगवाए हों या नहीं; और,

**जबकि**, इसी तरह अमेरिकन अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स भी दो साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को स्कूलों में हर जगह मास्क लगाकर रहने का सुझाव देता है, चाहे उन्होंने टीके लगवाए हों या नहीं, क्योंकि अधिकांश छात्र अभी भी टीके लगवाने के योग्य नहीं है, और मास्क लगाने से वायरस के संक्रमण को कम करने और उन लोगों की रक्षा करने में मदद मिली है जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है; और,

**जबकि**, इलिनॉय राजकीय शिक्षा बोर्ड (ISBE) और इलिनॉय सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग (IDPH), अपडेटेड संयुक्त COVID-19 मार्गदर्शन और सुझाव जारी कर रहे हैं, जिन्हें इलिनॉय में प्री-किंडरगार्टन से लेकर 12वीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाने वाले स्कूलों को उन्हें व्यक्तिगत रूप से पढ़ाने और सिखाने के साथ-साथ छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आगंतुकों को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है; और,

**जबकि**, CDC ने यह सलाह देना जारी रखा है कि डे केयर प्रदाताओं को चाहिए कि उनके कर्मचारियों को वैक्सीन लग जाने के बाद भी, मास्क लगाने और शारीरिक दूरी बनाए रखने सहित, COVID-19 रोकथाम रणनीतियों का उपयोग जारी रखना चाहिए; और,

**जबकि**, इलिनॉय बाल एवं पारिवारिक सेवा विभाग (DCFS) और IDPH, डे केयर सुविधा केन्द्रों के लिए अपडेटेड संयुक्त COVID-19 मार्गदर्शन और सुझाव जारी कर रहे हैं जिनमें सभी लाइसेंस प्राप्त डे केयर सेंटर, डे केयर होम, ग्रुप डे केयर होम और लाइसेंस की छूट वाले सुविधा केंद्र भी शामिल हैं; और,

**जबकि**, CDC यह सलाह देना जारी रखता है कि टीकाकरण की स्थिति की परवाह किए बिना सामूहिक सुविधाएं COVID-19 रोकथाम रणनीतियों का उपयोग करें, जिसमें मास्क पहनना और शारीरिक दूरी बनाए रखना शामिल है; और,

**जबकि**, IDPH, नर्सिंग होम और अन्य दीर्घकालिक देखभाल सुविधा केन्द्रों के लिए COVID-19 मार्गदर्शन जारी और अपडेट करता है, जिसमें टीके लगवा चुके निवासियों, कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच भी शारीरिक दूरी और मास्क लगाने जैसी शमन रणनीतियां शामिल हैं; और,

**जबकि,** 23 जुलाई, 2021 को, COVID-19 के निरंतर प्रसार और चल रहे स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभावों पर विचार करते हुए, जो आने वाले महीने में राज्य भर के लोगों द्वारा महसूस किया जाएगा, मैंने इलिनोइस राज्य में सभी काउंटियों को एक आपदा क्षेत्र के रूप में घोषित किया;

**अतएव,** इलिनॉय राज्य के गवर्नर के रूप में मुझ में निहित शक्तियों, इलिनॉय के संविधान और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, (Illinois Emergency Management Agency Act) 20 ILCS 3305 की धारा 7(1), 7(2), 7(3), 7(8), 7(12) और धारा 19, के अनुसार और लोक स्वास्थ्य कानूनों की शक्तियों के अनुरूप, मैं निम्नलिखित आदेश दे रहा हूं:

**<u>अनुभाग 1: स्कूल शमन उपाय।</u>** इलिनॉय में 12वीं कक्षा से प्री-किंडरगार्टन के छात्रों की सेवा करने वाले सभी सार्वजनिक और गैर-सार्वजनिक स्कूलों को ISBE और IDPH द्वारा जारी संयुक्त मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए और छात्रों, कर्मचारियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय उपाय करने चाहिएं, जिनमें निम्न शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है:

a. CDC मार्गदर्शन के अनुरूप, टीकाकरण की स्थिति की परवाह किए बिना, दो साल या अधिक उम्र के छात्रों, कर्मचारियों और आगंतुकों द्वारा फेस कवरिंग के इनडोर उपयोग की आवश्यकता होती है; और,

b. अन्य स्तरित रोकथाम रणनीतियों को लागू करना (जैसे कि शारीरिक दूरी, स्क्रीनिंग परीक्षण, वेंटिलेशन, हाथ धोने और श्वसन शिष्टाचार, बीमार होने पर व्यक्तियों को घर पर ही रहने और परीक्षण करने की सलाह देना, उचित संगरोध और अलगाव के संयोजन में संपर्क ट्रेसिंग, और सफाई और कीटाणुशोधन) CDC मार्गदर्शन के अनुरूप सामुदायिक प्रसारण, टीकाकरण कवरेज, स्क्रीनिंग परीक्षण और प्रकोप की घटना जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए।

**<u>अनुभाग 2: डे केयर शमन उपाय।</u>** इलिनॉय में डे केयर सुविधाओं को DCFS और IDPH द्वारा जारी संयुक्त मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए और बच्चों, कर्मचारियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय उपाय करने चाहिएं, जिनमें निम्न शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है:

a. CDC मार्गदर्शन के अनुरूप, टीकाकरण की स्थिति की परवाह किए बिना, दो साल या अधिक उम्र के <u>बच्चों</u>, कर्मचारियों और आगंतुकों द्वारा फेस कवरिंग के इनडोर उपयोग की आवश्यकता होती है; और,

b. अन्य स्तरित रोकथाम रणनीतियों को लागू करना (जैसे कि शारीरिक दूरी, स्क्रीनिंग परीक्षण, वेंटिलेशन, हाथ धोने और श्वसन शिष्टाचार, बीमार होने पर व्यक्तियों को घर पर ही रहने और परीक्षण करने की सलाह देना, उचित संगरोध और अलगाव के संयोजन में संपर्क ट्रेसिंग, और सफाई और कीटाणुशोधन) CDC मार्गदर्शन के अनुरूप सामुदायिक प्रसारण, टीकाकरण कवरेज, स्क्रीनिंग परीक्षण और प्रकोप की घटना जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए।

**<u>अनुभाग 3: दीर्घकालिक देखभाल सुविधा में शमन उपाय।</u>** इलिनॉय में सभी नर्सिंग होम और दीर्घकालिक देखभाल सुविधा केन्द्रों को CDC और IDPH द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शन का पालन करते रहना चाहिए, जिसके तहत दो साल से अधिक उम्र के और चिकित्सकीय रूप से फेस कवरिंग को सहन करने में सक्षम लोगों को सामूहिक सुविधा केन्द्रों में फेस कवरिंग का उपयोग करना आवश्यक है, चाहे उन्होंने टीके लगवाए हों या नहीं।

**<u>अनुभाग 4: बचत खंड (सेविंग्स क्लॉज़)।</u>** यदि इस कार्यकारी आदेश के किसी भी प्रावधान या उपयोग को किसी व्यक्ति या परिस्थिति के लिए सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय द्वारा अवैध ठहराया जाता है, तो यह अवैधता किसी अन्य प्रावधान या इस कार्यकारी आदेश को लागू करने को प्रभावित नहीं करती है, जिसे बिना अवैध प्रावधान के या आवेदन के प्रभावी किया जा सकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, इस कार्यकारी आदेश के प्रावधानों को पृथक्करणीय घोषित किया जाता है।

____________________

**जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), राज्यपाल**

राज्यपाल (गवर्नर) द्वारा 9 अगस्त, 2021 को जारी
राज्य सचिव (सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट) द्वारा दायर 9 अगस्त, 2021